>

Title: Need to provide employment to local people in cement factory in Dhar Parliamentary Constituency- Laid

श्री छतरसिंह दरबार (धार): मध्य प्रदेश के मेरे संसदीय क्षेत्र धार के अंतर्गत / सीमेंट का कारखान टोकी, मनावर में लगा हुआ है । धार जिला संवैधानिक रूप से एक आदिवसी अधिसूचित जिला है । यहां पर आदिवासियों की भूमि को अधिकृत करके उस पर उक्त कारखाना लगाया गया है । नियमानुसार स्थानीय व्यक्तियों को 90 प्रतिशत रोजगार दिया जाना आवश्यक है तथा जिन आदिवासियों की भूमि अधिग्रहित की गई है, उनके परिवार के सदस्यों को भी उक्त सीमेंट प्लांट में स्थायी नौकरी दिया जाना आवश्यक है । किन्तु फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा उपरोक्त नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है तथा बाहरी व्यक्तियों को नौकरियां दी जा रही हैं । अपवाद स्वरूप स्थानीय लोगों को ठेकेदारों के माध्यम से काम दिया जा रहा है । जो कि नियमों के विपरीत है ।

प्रदूषण मानकों का भी इस कारखाने के प्रबंधन द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है । जिसकी वजह से स्थानीय निवासियों को कैंसर और क्षय रोग जैसी गंभीर बीमारियां लग रही हैं । यूं तो प्रदूषण रोकने के लिए संयंत्र लगे हैं तथा वह उस परिसर को प्रदूषण मुक्त बताते हैं किन्तु मेरी जानकारी के मुताबिक यह दिखावा है ।

इस संबंध में मेरा सरकार से आग्रह है कि वह प्रदूषण मानकों की उच्च अभियंताओं से जांच कराएं तथा स्थानीय निवासियों को जमीन अधिग्रहण के बदले स्थायी नौकरी दिलाने का प्रबंध करें ।